प्रेषक,

अंकित कुमार मित्तल,
अपर जिला जज, त्वरित न्यायालय-1,
जनपद- महराजगंज।

सेवा में,

माननीय महानिबन्धक महोदय,
माननीय उच्च न्यायालय,
इलाहाबाद।

द्वारा,

श्रीमान जिला जज,
महराजगंज।

विषय- **<u>पिता की बीमारी के कारण स्थानान्तरण के सम्बन्ध में</u>**

महोदय,

ससम्मान निवेदन है कि मैं जनपद मेरठ में अपर जिला जज, त्वरित न्यायालय के रुप में तैनात था। माननीय उच्च न्यायालय के नोटिफिकेशन संख्या-1700/एडमिन (सर्विससेज)/ 2022 दिनांकित 01-12-2022 के अनुसार मेरा स्थानान्तरण जनपद महराजगंज में हो गया है। मेरे द्वारा दिनांक 08-12-2022 को जनपद महराजगंज में पदभार ग्रहण कर लिया गया है।

माननीय महोदय से निवेदन है कि मेरे साथ मेरे पिता भी निवास करते थे, जो अत्यधिक अस्वस्थ रहते थे तथा चलने फिरने की अवस्था में नहीं है। मेरे पिता का हृदय का आपरेशन मेट्रो अस्पताल नोयडा में हुआ था तथा मेरे पिता का इलाज के०एम०सी० व मैट्रो अस्पताल, मेरठ मे चल रहा है। जनपद महराजगंज में कार्यभार ग्रहण करने के उपरान्त अपने पिता की बीमारियों के ईलाज के सम्बन्ध में पता किया तो पता चला कि जनपद महराजगंज में उनकी बीमारियों के सम्बन्ध में कोई विशेषज्ञ चिकित्सक उपलब्ध नहीं है। अपने पिता को ईलाज हेतु जनपद महराजगंज से जनपद मेरठ ले जाने में अत्यन्त कठिनाईयों का सामना करना पड़ेगा तथा ईलाज के अभाव में मेरे पिता के स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव पड़ेगा।

अतः माननीय महोदय से अनुरोध है कि मेरा आवेदन माननीय न्यायालय के समक्ष सहानुभूति पूर्वक विचार करने हेतु प्रस्तुत कर मेरा स्थानान्तरण जनपद महराजगंज से जनपद मेरठ के आस-पास के जनपदों में कराने की कृपा करें।

दिनांकः 21-12-2022

<u>संलग्नक-</u>
पिता के बीमारी के कागजात

भवदीय,
Amittal 21/12/22

(अंकित कुमार मित्तल)
अपर जिला जज, त्वरित न्यायालय-1,
जनपद- महराजगंज।
जे०ओ०कोड- यू०पी० 02699